न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, शिव

(पीठासीन अधिकारी श्री यक्ष चौधरी, IAS)

राजस्व वाद संख्या **89 / 2025** अन्तर्गत धारा 53, 188 RT Act.

वादीगण	बनाम	प्रतिवादीगण
सहायक अभियंता जोधपुर विद्युत वितरण निगम लि. शिव जरिये गेमराराम गर्ग पुत्र लालाराम गर्ग तहसील शिव, जिला बाड़मेर		1. धन्नाराम पुत्र गोरधनराम 2. वीरमाराम पुत्र गोरधनराम जाति प्रजापत, निवासी हेमानाडा तहसील शिव, जिला बाड़मेर 3. शाखा प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा सिणधरी सर्किल बाड़मेर 4. तहसीलदार शिव

उपस्थित :– अधिवक्ता वादी – श्री अभयसिंह राठौड़।
अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 1 व 2 – श्री देवीलाल कुमावत।
अधिवक्ता प्रतिवादी संख्या 3 – श्री बृजमोहन कुमावत।

–:: निर्णय ::–

दिनांक : 11.06.2025

उभयपक्ष अधिवक्ता की बहस सुनी गई एवं पत्रावली का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया गया। वाद में वादी द्वारा वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 से 2 की संयुक्त खातेदारी भूमि मौजा हेमानाडा, तहसील शिव के खसरा नम्बर 528/313 रकबा 11.3069 हैक्टेयर में अपने खातेदारी हिस्सा 40/1397 की भूमि का मौके पर कब्जा काश्त एवं वादपत्र के संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार विभाजन किये जाने का अनुतोष चाहा गया है। चूंकि वर्तमान में पक्षकारान् के मध्य आपसी सहमति हो जाने से प्रतिवादी संख्या 1 व 2 की ओर से जरिये अधिवक्ता इकबाली जवाबदावा पेश कर परिशिष्ट 'अ' अनुसार विवादित आराजी का विभाजन किये जाने बाबत् पूर्ण रूप से सहमति प्रदान की गई। प्रतिवादी संख्या 3 की ओर से जरिये अधिवक्ता बैंक हित प्रभावित किये बिना बंटवारा किये जाने बाबत् सहमति प्रदान की गई। उभयपक्ष अधिवक्ता द्वारा अपनी बहस में वादपत्र एवं जवाबदावा के संलग्न पेश परिशिष्ट 'अ' अनुसार डिक्री जारी कर वादग्रस्त भूमि विभाजित किये जाने में अपनी सहमति व्यक्त की गई है। अतः उक्त स्थिति में उभयपक्ष में सहमति हो जाने से वादपत्र एवं जवाबदावा के संलग्न पेश परिशिष्ट 'अ' अनुसार वाद स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

लिहाजा माफिक वादपत्र एवं जवाबदावा के संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार वाद स्वीकार किया जाकर तहसील शिव, पटवार मण्डल नीम्बला के ग्राम हेमानाडा के खेत खसरा नम्बर 528/313 रकबा 11.3069 हैक्टेयर भूमि निम्नानुसार पक्षकारान् के नाम के आगे अंकित मुताबिक पृथक खातेदारी में घोषित की जाती है –

क्र. सं.	नाम खातेदार	राजस्व ग्राम	खसरा नम्बर	रकबा (हैक्ट. में)	किस्म	लगान	बरंग
1	सहायक अभियंता जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शिव जरिये गेमराराम गर्ग पुत्र लालाराम गर्ग सा. देह खातेदार	हेमानाडा	528/313	0.3237	बा.दो.	–	लाल
2	धनाराम पुत्र गोरधन हिस्सा 1/2 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा. देह खातेदार रहन बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा सिणधरी सर्किल बाड़मेर वीरमाराम पुत्र गोरधन हिस्सा 1317/2794 जाति कुम्हार (प्रजापति) सा. देह खातेदार	हेमानाडा	528/313	5.6534 5.3297	बा.दो.	–	
				10.9831			

Signature Not Verified
Digitally signed by Yaksh Chaudhary
Date: 2025.07.24 11:50:30 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलक्टर
(SDO) शिव

Scanned with OKEN Scanner

तहसीलदार शिव को इसी अनुसार राजस्व रेकर्ड में अमल दरामद करने एवं नक्शा ट्रेस में प्रस्ताव परिशिष्ट 'अ' अनुसार परिवर्तन सुनिश्चित करने के आदेश दिये जाते है। पक्षकारों को राजस्व रेकर्ड अनुसार बराबर हिस्सा मिल रहा है। बैंक हित उक्त निर्णय से अप्रभावित रहेंगे। वादपत्र व जवाबदावा के संलग्न प्राप्त नक्शा परिशिष्ट 'अ' निर्णय का अभिन्न अंग रहेगा। तदनुसार डिक्री पर्चा जारी हो।

सहायक कलेक्टर
(SDO) शिव

सहायक कलेक्टर
(SDO) शिव

निर्णय आज दिनांक 11.06.2025 सरे इजलास सुनाया गया।

सहायक कलेक्टर
(SDO) शिव

सहायक कलेक्टर
(SDO) शिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Yaksh Chaudhary
Date: 2025.07.24 11:50:30 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner